# 500 झांकियों के साथ निकलेगी शिव बारात

## जिले के प्रमुख मंदिरों में पूरी कर ली गईं तैयारियां, प्रशासन ने कसी कमर, सुरक्षा के कड़े इंतजाम


झालरों से सजा झंडेश्वर महादेव मंदिर।


बड़ा चौराहा पर मूर्ति का रंगरोगन करता कारीगर।


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।


महाशिवरात्रि को लेकर सजाया गया आनंदेश्वर मंदिर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में आज महाशिवरात्रि का पर्व पूरे उल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजेंगे हैं और पूरा शहर भगवामय होगा। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण शहर में निकलने वाली भव्य शिव बारात है जिसमें 500 से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। शनिवार देरशाम तक जिले के प्रमुख मंदिरों में तैयारियां पूर्ण कर ली गईं।

इसमें शहर के प्रसिद्ध सिद्धनाथ मंदिर, कल्याणी स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग, झंडेश्वर महादेव व मगरवारा के गोकुल बाबा मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में पुरवा के महाभारत कालीन बिल्लेश्वर महादेव व हिलौली के आनंदेश्वर धाम में भक्तों की भारी भीड़ जुटेगी। प्रशासन ने पर्व की संवेदनशीलता व भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। एसपी जय प्रकाश सिंह व एएसपी अखिलेश सिंह ने प्रमुख मंदिरों व गंगाघाटों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सभी सीओ को अपने-अपने सर्किल में होने वाले आयोजनों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्रा के मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि यातायात व श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। मंदिरों के बाहर फूलों व पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। स्थानीय लोगों में इस उत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### गायत्री परिवार करेगा विशाल शिवशोभा यात्रा का भव्य स्वागत

महाशिवरात्रि पर गायत्री परिवार द्वारा विशेष तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पर्व की पूर्व संध्या पर आयोजित गोष्ठी में व्यवस्थापक व अधिवक्ता सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने शिव आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि वह मंगलकारी दिन है जब देवाधिदेव महादेव ने आदि शक्ति माता पार्वती का वरण किया था। बताया कि इस दिन की आराधना भक्तों के लिए विशेष फलदायी होती है। गायत्री परिवार द्वारा दोपहर 2 बजे विशाल शिवशोभा यात्रा का गायत्री मंदिर गेट पर भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं व साधकों के लिए गायत्री परिवार द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई है। इसमें अजय शुक्ला, सुरेश मिश्र, सुशील जायसवाल, तिलक श्रीवास्तव, मालती मिश्रा, विमला मिश्रा, मीरा सिंह, ईश्वरानंद बाजपेई, सीके द्विवेदी, सुनीता त्रिपाठी, शिवदेवी, कृष्णा शर्मा मौजूद रहे।

### बाबा बोधेश्वर मंदिर में हुई सफाई, सुरक्षा का अधिकारियों ने लिया जायजा

**बांगरमऊ, उन्नाव :** बांगरमऊ नगर के प्राचीन बाबा बोधेश्वर मंदिर में शासन-प्रशासन ने शनिवार को मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर पालिका द्वारा मंदिर के पश्चिमी छोर पर स्थित शिवालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पालिका कर्मियों ने न केवल मंदिर के मुख्य द्वार व परिक्रमा मार्ग की सफाई की बल्कि आगामी मेले के लिए निर्धारित स्थल से भी कूड़ा साफ किया। श्रद्धालुओं को पैदल चलने में कोई समस्या न हो इसके लिए मंदिर जाने वाले मार्गों की भी दुरुस्त किया गया। महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों व कांवरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों व पीएसी जवानों को निर्देश दिए कि सुरक्षा में कोई चूक न हो। निरीक्षण के दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी चौधरी संजीव सिंह व संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा बोधेश्वर मंदिर की अत्यधिक मान्यता होने से यहां प्रतिवर्ष हजारों भक्त आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जलाभिषेक व दर्शन की सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जा रही हैं।

### महाशिवरात्रि के चलते शिवालयों में चला सफाई अभियान, कांवड़ियों का जत्था रवाना

**शुक्लागंज, उन्नाव :** महाशिवरात्रि को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को सुबह से ही श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान कर जल भरते नजर आए। गंगाजल लेकर भक्त निजी वाहनों व पैदल बाराबंकी स्थित लोधेश्वर मंदिर की ओर रवाना होते रहे। पूरे दिन गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पर्व को देखते हुए नगर के प्रमुख शिवालयों में साफ-सफाई और रंगरोगन का कार्य किया गया। राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, गोपीनाथपुरम भाग्येश्वर मंदिर, सिद्धिधात्री मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, बालूघाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर, बालूघाट शक्तिपीठ के महाकालेश्वर मंदिर, कंचनामाई मंदिर और चंपापुरवा शिव मंदिर सहित कई स्थानों पर विशेष सजावट की गई। देर रात तक कांवड़ियों की टोलियां बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए लोधेश्वर धाम के लिए निकलती रहीं। सफीपुर, चकलवंशी, अजगैन, अचलगंज, चंदन घाट, रनियां, गजनेर, कानपुर देहात और कन्नौज सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु कंधे पर कांवर रखकर पैदल यात्रा पर निकले। प्रशासन भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### खराब खड़ी निजी बस में घुसी डीसीएम चालक घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** फिरोजाबाद जिला के नगौलिया गांव निवासी शिवकुमार पुत्र सुरेश सिंह डीसीएम लेकर जयपुर से लखनऊ जा रहा था। तभी शनिवार सुबह करीब 6 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के संडीला अंडरपास के पास डीसीएम सड़क किनारे खराब खड़ी बस में पीछे से घुस गई। इसमें डीसीएम का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया व चालक शिवकुमार गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची यूपीडा टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

### सदर विधायक ने अमर शहीद को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**उन्नाव, अमृत विचार :** पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने गांव चौरा स्थित शहीद अजीत कुमार आजाद पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि 14 फरवरी 2019 का दिन भारतीय इतिहास का एक अत्यंत दुखद और काला अध्याय है। कहा कि पुलवामा हमले में देश की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 40 जवानों का साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हर भारतवासी के हृदय में सदैव जीवित रहेगा। राष्ट्र उनके शौर्य का ऋणी है। इस दौरान शहीद अजीत कुमार आजाद के पिता प्यारेलाल, भाई रंजीत आजाद, मंडल अध्यक्ष सुशील आदि मौजूद रहे।

### वेलेंटाइन डे: न उम्र की सीमा, न जन्म का बंधन...


पत्नी को गुलाब का फूल देकर प्यार का इजहार करता पति।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई, तो देखे केवल मन, जगजीत सिंह के इस गीत को वेलेंटाइल डे पर हर कोई गुनगुनाता दिखा। वहीं युवा से लेकर बुजुर्ग तक वेलेंटाइन डे पर अपनी प्रेमिकाओं का दिल जीतने के लिए उन्हें गिफ्ट, गुलाब, बुके देते दिखाई पड़े। फरवरी माह शुरू होते ही प्रेमियों में उत्साह देखते ही बनता है। एक सप्ताह के दौरान पडने वाले विभिन्न दिनों में प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को रिझाने में लगे रहते हैं। वहीं शनिवार को वेलेंटाइन को देखते हुये सुबह से ही आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, हाइवे, नवीन पुल से प्रेमी जोड़े बाइकों में फर्राटे भरते नजर आये। इसके अलावा अधिकांश प्रेमियों ने जमकर अपने दिलों का हाल बयान करते हुए प्रेम का इजहार किया। दुर्गा मंदिर के पास गुलाब खरीदने के लिये युवाओं के अलावा अन्य वर्ग के लोगों को देखा गया। वहीं वेलेंटाइन डे की धूम केवल अविवाहित जोड़ों ही नही बल्कि शादीशुदा लोगों में देखने को मिली। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर वेलेंटाइन डे मनाया। वहीं कुछ लोगों ने मिठाई खिलाकर अपने प्रेम का इजहार किया। इसके अलावा सरैयां वाटिका पार्क के आास पास भी प्रेमी युगल दिखाई पड़े।

### महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन में विदाई सम्मान समारोह आयोजित


विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शनिवार को कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने भी विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर आभार व्यक्त किया। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य और उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या सुषमा श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को सफलता का आशीर्वाद दिया। सह-प्रबंधक विराट शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

### सरस आजाद के नौवें उपन्यास 'मनु फ़िरदौस' का हुआ भव्य विमोचन

**उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के डीएसएन कॉलेज में प्रख्यात उपन्यासकार सरस आजाद के नौवें उपन्यास 'मनु फ़िरदौस' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अन्नू टंडन रहीं। इस अवसर पर लेखक सरस आजाद ने अपनी कृति के मर्म को साझा करते हुए कहा कि सच्चा प्रेम किया नहीं जाता वह अनजाने में हो जाता है। मनु व फ़िरदौस के साथ भी ऐसा ही हुआ लेकिन 1992 की एक ऐतिहासिक घटना ने समाज को दो धड़ों में बांट दिया जिसका गहरा प्रभाव उनके इश्क पर पड़ा। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने पुस्तक विमोचन करते हुए कहा कि सरस को अपने पिता 'वाणीपुत्र' सुरेश फक्कड़ से सराहनीय संस्कार मिले हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा अंकित परिहार ने कहा कि बैसवाड़े के एक छोटे से गांव से निकलकर सरस आज अपनी हिंदी व अंग्रेजी लेखनी से विश्व पटल पर परचम लहरा रहे हैं। संचालन डॉ. विपिन सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधानाध्यापक कान्ती सिंह, प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव, राजवीर सिंह, शिवराम सिंह, अशोक मिश्रा, कवि उमाशंकर यादव, करुणा शंकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### डॉन बॉस्को स्कूल का 47वां वार्षिकोत्सव मना

**उन्नाव, अमृत विचार :** डिवाइन मिशन व डॉन बॉस्को स्कूल कल्याणी देवी का 47वां वार्षिकोत्सव व उन्नाव के प्रथम एमबीबीएस चिकित्सक व विद्यालय के संस्थापक स्व डॉ. आर सहाय की 112वीं जयंती सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट व मिनी स्टेडियम का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने फीता काटकर किया। शुभारंभ मां सरस्वती व डॉ. आर सहाय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शुरुआत स्वागतम गीत व गणेश वंदना से हुई। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने "हम वक्त बदल देंगे कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्या प्रतिमा सहाय, निदेशक शतायु सहाय ने बताया कि स्व डॉ. आर सहाय ने वर्ष 1979 जो कि अंतरराष्ट्रीय बाल वर्ष था में इस विद्यालय की स्थापना इस उद्देश्य से की थी कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व मूल्यपरक शिक्षा दी जा सके। सदर विधायक ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि श्वेता भानु मिश्रा ने भी संबोधित किया। इसमें रजनीकांत श्रीवास्तव, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, डॉ. रचना, डॉ. अविनिश, संजीव के गुप्ता विमल द्विवेदी भी रहे।

### विधायक ने किया बुद्ध विहार के द्वार का उद्घाटन


नवनिर्मित मुख्य द्वार का उद्घाटन करते सदर विधायक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** गदनखेड़ा स्थित सम्राट अशोक शांति उपवन बुद्ध विहार में रविवार को एक समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विधायक निधि से नवनिर्मित मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की महत्ता को देखते हुए इसे गौतम बुद्ध नगर के नाम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध शांति व अहिंसा के प्रतीक हैं। उनके नाम पर द्वार का निर्माण होना सदर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कहा कि सदर में बुद्ध विहार की स्पष्ट पहचान हेतु इस द्वार का निर्माण अति आवश्यक था। ताकि आने वाली पीढ़ियां और श्रद्धालु भगवान बुद्ध के आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। बुद्ध विहार प्रबंध समिति अध्यक्ष जगन्नाथ कुशवाहा ने द्वार निर्माण के लिए विधायक का आभार जताते हुए कहा कि बुद्ध विहार के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस दौरान सभासद शिव वीरेंद्र कुशवाहा, मूलचंद लोधी, अमृतलाल कुशवाहा, अरुण कुमार, अगम देव सिंह, अमरेंद्र शंकर सिंह, दीपक कुशवाहा, अशोकदीप भंते, देव आनंद भंते, भंते महाबोधि आदि रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने देखी आरती स्थल के कार्य की हकीकत


आरती स्थल के कार्य का निरीक्षण करती पालिकाध्यक्ष।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शुक्लागंज स्थित आनंद घाट पर बनारस की तर्ज पर निर्माणाधीन भव्य आरती स्थल के कार्य का शनिवार को पालिकाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को लेकर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये। राज्य सरकार द्वारा 1 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित यह आरती स्थल 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में लखनऊ की एक कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को कार्य की गुणवत्ता देखने के लिये पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, प्रतिनिधि संदीप पांडे, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला पहुंचे और कार्य की हकीकत देखी। इसके साथ ही कार्यदायी संस्था को कार्य को दिशा निर्देश दिये।

# बारात से लौट रही वैन अज्ञात वाहन में घुसी, एक की मौत व 7 घायल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


रोड किनारे खडी की गई वैन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ मार्ग पर शुक्रवार देररात बारात से लौट रही वैन आगे चल रहे अज्ञात वाहन में घुस गई। इसमें वैन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं सात लोग गंभीर घायल हो गए। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बता दें कि शुक्रवार को असोहा थानाक्षेत्र के बरेला गांव से सदर कोतवाली क्षेत्र के भदेहा गांव बारात गई थी। अगवानी व जयमाल के बाद देररात 8 बाराती वैन से लौट थे। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज पक्षी विहार के पास वैन आगे चल रहे अज्ञात वाहन में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया व उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाकर सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां डॉक्टरों ने असोहा थानाक्षेत्र के बरेला गांव निवासी महेश (40) पुत्र स्व. गुरुप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में सोहरामऊ थानाक्षेत्र के खैलामऊ गांव निवासी मोहित (18), लवकुश (25), महेंद्र (35), अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दुंदपुर गांव निवासी रामबाबू (33), गोविंद (31), दिलीप (30) व हरचंदपुर निवासी वैन चालक सरवन (30) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन का चालक फरार हो गया। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### आजाद मार्ग पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत


हादसे की खबर पाकर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। गड़रियन वाला पीपरखेड़ा निवासी धर्मेन्द्र पाल का 26 वर्षीय पुत्र शुभांकित पाल सुबह अपनी तीन वर्षीय बेटी अदिति को बाइक से घुमाने के बाद मरहला चौराहे की ओर गया था। करीब साढ़े दस बजे वह आजाद मार्ग होते हुए घर लौट रहा था। महेशखेड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक असंतुलित हो गई और शुभांकित सिर के बल डिवाइडर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घायल को उपचार के लिए भेजा। परिजन पहले उसे निजी अस्पताल ले गए, फिर कानपुर के उर्सला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही पत्नी नीलम, भाइयों अंकुश व हेमंत समेत परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मृतक के पिता कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पिकप चालक नईम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई मौत, मचा कोहराम

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ मार्ग पर सोनिक रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने उसकी पहचान कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया। चर्चा रही कि युवक ने पटरी पर लेटकर आत्महत्या की है। जिसकी जीआरपी जांच कर रही है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के कोटरा गांव निवासी विशाल प्रजापति (21) पुत्र रामकुमार सोनिक रेलवे स्टेशन पर रेलवे गोदाम में ठेकेदार के अधीन काम करता था। बताया जा रहा है कि वह रोज की तरह गांव के दोस्त आकाश पुत्र मुन्ना शुक्ला की बाइक से विपिन पुत्र लल्लू के साथ काम जाने की बात कह घर से निकला था। मुर्तजा नगर नहर के पास विशाल को उतारने के बाद आकाश व विपिन दही चौकी स्थित फैक्ट्री में काम करने चले गए। चर्चा रही कि इसके बाद विशाल सोनिक रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर पहुंचा। तभी कानपुर से लखनऊ जा रही रन थ्रू एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। लोको पायलट की सूचना के मुताबिक युवक ट्रेन आते देख ट्रैक पर लेट गया था। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# पुलिस के पहरे में भेजे प्रश्नपत्रों के कार्टन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


डीआईओएस की उपस्थिति में प्रश्नप्रश्नों के कार्टन रखते कर्मचारी।

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होने के कारण शनिवार को जिले के 50 प्रतिशत से अधिक परीक्षा केंद्रों में बोर्ड के प्रश्नपत्रों के कार्टन बॉक्स पुलिस बल के पहरे में केंद्र भेजे गए। जहां केंद्र व्यवस्थापक, वाहय केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम से डीआईओएस सुनील दत्त, स्ट्रांग रूम प्रभारी राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण व पुलिस बल की उपस्थिति में बीघापुर, मौरावा, औरास, मोहान व सरोसी क्षेत्र के लिए बसों में प्रश्नपत्रों के कार्टन बॉक्स भरकर रवाना किए गए। जिसमें हर बस में 7 से 8 केंद्रों के प्रश्नपत्रों के कार्टन रखे गए। जिसमें दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, दो शिक्षक व दो पुलिस जवान ड्यूटी में लगाए गए। वाहन व पुलिस बल देर से मिलने के कारण 11 बजे के बाद बसों को रवाना किया गया और यह सिलसिला शाम 5 बजे तक चलता रहा। इस दौरान केंद्रों में प्रश्नपत्रों को लेने के लिए केंद्र व्यवस्थापक सुबह से इंतजार करते रहे कि कब प्रश्नपत्र आएंगे और वह उन्हें रिसीव करें। प्रश्नपत्र लेकर जब बस पहुंची तो कई केंद्रों में तीनों अधिकारी नदारद मिले। कहीं वाहय केंद्र व्यवस्थापक नहीं थे तो कहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नहीं थे। डीआईओएस ने कहा कि जो अनुपस्थित हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिन केंद्रों के प्रश्नपत्र आज नहीं भेजे जा सके हैं उनके कार्टन फोर्स उपलब्ध होने पर अगले दिन भेजे जाएंगे।

## स्कूल में गंदगी देख बीएसए हुए नाराज स्पष्टीकरण तलब

**उन्नाव, अमृत विचार:** बीएसए शैलेश पांडे ने शनिवार को विकासखंड बिछिया के प्राथमिक विद्यालय जमुका व उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुका व कंपोजिट विद्यालय हुसेन नगर का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय जमुका व उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुका में साफ की व्यवस्था न होने और शौचालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब किया। निरीक्षण के समय कई शिक्षक उपस्थित नहीं मिले तो इंचार्ज शिक्षक ने बताया कि वह बीएलओ की ड्यूटी में लगे हैं तो किसी ने कहा कि प्रशिक्षण पर हैं।

बोला हमला | पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा की प्रदेश सरकार पर कसा तंज

# सिर्फ नाम बदलने का काम कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


सपा प्रमुख का स्वागत करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन व राजेश मिश्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बीती शुक्रवार शाम शहर के कब्बा खेड़ा स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब जुमलेबाजों को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। वह अब बदलाव चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है। सवाल किया कि जो लोग संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उनसे क्या उम्मीद की जा सकती हैं। विकास कार्यों के मुद्दे पर भी अखिलेश यादव ने सरकार को घेरते हुए कहा कि समाजवादी सरकार के दौरान बने एक्सप्रेसवे व अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मौजूदा सरकार ने केवल नाम बदलने या फीता काटने का काम किया है। जबकि धरातल पर नया विकास काम दिखाई देता है। कहा कि नौजवान डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हर बड़ी परीक्षा का पेपर लीक होने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार नौकरी नहीं देना चाहती तो पेपर लीक करा देती है।

इस दौरान पूर्व सांसद अन्नू टण्डन व समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव राजेश मिश्रा, मो. इस्माईल, मंजीत यादव, अन्नू मल्होत्रा, अमित शुक्ला, संजय निगम आदि ने उनका स्वागत किया।

# प्रदर्शन से पहले आप के जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**नवाबगंज उन्नाव, अमत विचार:** शुक्रवार को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके चलते निराला पार्क में होने वाला प्रदर्शन विफल हो गया।

नजरबंदी के बाद जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों व आमजन के हितों को ताक पर रखकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में नीतियां बनाई जा रही हैं। इसके विरोध में पार्टी ज्ञापन सौंपना चाहती थी लेकिन प्रशासन ने लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने का अधिकार छीन लिया। शुक्रवार सुबह से ही कुलदीप यादव के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि शहर में शांति बनाए रखने व किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए यह कदम उठाया गया। निराला पार्क व आसपास क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती रही ताकि भीड़ इकट्ठा न हो सके। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया है। कुलदीप यादव ने स्पष्ट किया कि सरकार सच से डर रही है लेकिन आम आदमी पार्टी न झुकेगी और न रुकेगी।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 15 फरवरी 2026

हरदोई

## न्यूज ब्रीफ

### मांगों को लेकर भाकियू सर्वसमाज ने दिया धरना

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** शनिवार को विकास खंड भरावन के गांव शिवपुरी में आवारा पशुओ एवं बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज नें धरना प्रदर्शन किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत छावन, भटपुर, पिपरीनारायनपुर, श्यामदासपुर, कुरौंध सहित 50 गांवों में छुट्टा मवेशियों की समस्या को लेकर कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन कार्यवाही नहीं की गई। कई गांवों विद्युत कटौती, विद्युत टूटे पोल की समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष शिवलाल मौर्या ने बताया कि विकास खंड भरावन के पशु चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही से सैकड़ो बीघा फ़सल नष्ट हो गई। पशु चिकित्सा अधिकारी की जांच करते हुये सस्पेंड किया जाए। भाकियू सर्व समाज प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान नें बताया किसानो की समस्याओ को लेकर अधिकारियो को समय समय पर अवगत कराया जाता है फिर भी कार्यवाही नहीं की जाती है।

### देवरानी-जेठानी विवाद में खूनी संघर्ष, सिर फूटने से महिला घायल

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के भगवंतपुर मोहल्ले में शनिवार सुबह पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, देवरानी और जेठानी के बीच शुरू हुआ कहासुनी का विवाद इतना बढ़ गया कि जेठानी ने अपने बच्चों के साथ मिलकर देवरानी पर हमला कर दिया। हमले में देवरानी का सिर फूट गया और वह लहूलुहान हो गई। घायल महिला शिल्पा ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसकी जेठानी उसे लगातार परेशान कर रही है। शनिवार सुबह भी मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद जेठानी ने अपने बच्चों के साथ मिलकर उसे बेरहमी से पीटा। हमले में उसका सिर फूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा चौकी इंचार्ज अवधेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली भेजा, जहां उनका इलाज किया गया।

# अतरौली क्षेत्र में स्थित कई प्राचीन शिव मंदिर हैं आस्था के केंद्र

समय तिवारी, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व पर रविवार को क्षेत्र के मंदिरों में भक्तो की भीड़ सुबह 5 बजे से ही बम-बम के उद्घोष से शुरु हो गई। क्षेत्र के प्राचीन मंदिरो में इस पर्व पर आस्था और भक्ति समागम देखते ही बनता है। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में दर्शन पूजन और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व यातायात नियंत्रण को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अतरौली में स्थित जंगली शिव महादेव मन्दिर प्राचीन एवं दिव्य मन्दिर है। लगभग 600 वर्ष प्राचीन मन्दिर में हर अमावस्या को मेला लगता है और महाशिवरात्रि पर विशेष श्रंगार और जवाबी कीर्तन का आयोजन होता है।

अतरौली से कुछ दूरी पर स्थित लालपुर खाले गांव में सिद्धनाथ बाबा मन्दिर आदि गंगा गोमती के तट पर स्थिति है। यहां प्रतिदिन भक्तो द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। मन्दिर परिसर में कई जनपदो से लोग आते है। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर की आस्था 500 वर्ष प्राचीन है। कस्बे से छह किलोमीटर की दूरी पर गोड़वा गांव में स्थित श्री भुइयेश्वर महादेव मन्दिर में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन किया जाता है। श्री भुइयेश्वर महादेव मन्दिर यह लगभग 150 वर्ष पुराना मन्दिर है। मन्दिर में आस्था और भावनाएं भक्तो की जुड़ी है जिससे कई जनपदो से लोग दर्शन के लिए आते रहते है। और महाशिवरात्रि पर श्रद्धा का भाव भक्तो को सुबह से ही खींच लाता है। कस्बे से पांच किलोमीटर दूर बहेरिया गांव स्थित नाग बाबा मन्दिर है। जो कि लगभग 500 वर्ष प्राचीन मन्दिर है। यहाँ हर सावन नाग बाबा दर्शन के लिए आते है। महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तो का तांता सुबह से ही लगने लगता है। नाग बाबा मन्दिर की प्राचीनतम का विश्लेषण विश्राम सागर पुस्तक में अवलोकित है।


जंगली शिव महादेव मन्दिर अतरौली।


भुइयेश्वर महादेव मन्दिर गोड़वा।


सिद्धनाथ बाबा मन्दिर लालपुर खाले।



नाग बाबा मन्दिर बहेरिया।

## महाशिवरात्र पर विशेष

## मंदिरों के पदाधिकारियों ने दी जानकारी


राजेश अवस्थी।


पंकज शुक्ला।


प्रताप सिंह बब्लू।


गोकुल नाथ।

जंगली शिव महादेव मन्दिर अतरौली कमेटी के अध्यक्ष राजेश अवस्थी नें बताया महाशिवरात्रि पर जवाबी कीर्तन और विशेष श्रंगार का आयोजन किया जाएगा। और भक्तो के आवागमन के लिए पुलिस प्रशासन भी रहता है जिससे दर्शन करने में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। मन्दिर के कपाट सुबह चार बजे से ही खोल दिये जाते है।

नाग बाबा मन्दिर बहेरिया के संरक्षक पंकज शुक्ला ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मन्दिर परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान रखा जाता है। आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सुबह से ही कपाट खोल दिये जाते है।

गोड़वा स्थित श्री भुइयेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रताप सिंह बब्लू ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मन्दिर परिसर में सफाई को लेकर पूर्व में ही कार्य कर लिए गए है। महाशिवरात्रि के कुछ दिन बाद ही 18 फरवरी को माँ दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा का भी कार्यक्रम हो रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी इंतजाम किए गए हैं।

लालपुर खाले में स्थित सिद्धनाथ बाबा मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष गोकुलनाथ कश्यप ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मन्दिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि पर भक्तो का आवागमन सुबह 4 बजे से हो जाता है।

# मथुरा में तैनात उपायुक्त के दिव्यांग भाई की हत्या

## घर के आंगन में लहूलुहान पड़ा देख बुजुर्ग मां ने मचाया शोर, चाकू से गोदकर वारदात को दिया गया अंजाम

संवाददाता, हरदोई/पाली

**अमृत विचार।** घर में घुसे हमलावरों ने मथुरा में तैनात उपायुक्त उद्योग के दिव्यांग भाई पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। उसे घायल देख बूढ़ी मां के शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे। आनन-फानन में सीएचसी से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। फ़ॉरेंसिक टीम छानबीन करते हुए क्लू तलाश रही है, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है।

पाली थाने के मुड़रामऊ 35 वर्षीय विजय प्रकाश पुत्र दयाराम राठौर पैरों से दिव्यांग था। शनिवार की सुबह घर के आंगन में लहूलुहान पड़ा था। उसी बीच बूढ़ी मां गोमती वहां पहुंची तो विजय प्रकाश को ऐसी हालत में देख चिल्लाने लगी। विजय को एम्बुलेंस-108 से पीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया, वहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची और वारदात से जुड़े क्लू तलाशे जाने लगे। एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह, एसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने इस बाबत पूछताछ करते हुए पड़ताल की। मथुरा में तैनात उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार विजय प्रकाश के भाई हैं। 8 जून 2023 में पिता रामदयाल पर जानलेवा हमला हुआ था। पुलिस ने उसी दिन रामदयाल की तहरीर पर गांव के महावीर, रघुवीर, परीक्षित उर्फ संदीप, मनोज और रजनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी, लेकिन उसी दिन शाम को रामदयाल की मौत हो गई थी। पति के न रहने पर पैरों से दिव्यांग विजय प्रकाश मां के साथ रहता था और उनकी देखभाल करता था। पुलिस ने मां गोमती की तहरीर पर गांव के महावीर व समरपाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1)/333 के तहत रिपोर्ट दर्ज की, जिसकी जांच एसआई धनश्याम बिंद को सौंपी गई है।


विजय प्रकाश की फाइल फोटो।


घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### रात में ही पड़ोसियों और पुलिस से मांगी थी मदद

बताया जाता है कि रात में खाना खाने के बाद दिव्यांग विजय प्रकाश सोने की कोशिश करने लगा। लेकिन उसी बीच उसे अहसास हुआ कि घर में कोई छिपा है। वह रात के करीब 1 बजे आशीष बाजपेई के घर पहुंचा और बोला कि उसे बचा लो, लेकिन लोगों ने उसकी बात पर अधिक ध्यान न देते हुए यूपी-112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया गया। लेकिन पुलिस ने भी उसकी नहीं सुनी और समझाकर चली गई। उसके बाद भोर पहर करीब 5:30 बजे वह सुशील मिश्रा के घर पहुंचा और वहां भी वही कहा, लेकिन फिर लोगों ने उसका वहम समझकर उसे घर भेज दिया। उसके कुछ ही देर बाद पता चला कि विजय प्रकाश पर हमला हो गया है, वह घायल पड़ा मिला है और मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई।

### गैस एजेंसी ने रखी थी रंजिश की नींव

जैसा कि बताया गया है कि विजय प्रकाश ने गैस एजेंसी के लिए अर्ज़ी दी, साथ ही उसी गांव के महावीर ने उसके पैर पर पैर रखते हुए अपना भी दावा ठोंक दिया। तमाम कोशिशों के बाद महावीर के नाम गैस एजेंसी हो गई। चूंकि महावीर ने गलत दस्तावेज़ लगा कर ऐसा किया था, इसका पता होने पर विजय प्रकाश के पिता रामदयाल की शिकायत पर महावीर के नाम हुई गैस एजेंसी निरस्त कर दी गई। बस उसी दिन से दोनों के बीच रंजिश की नींव पड़ी और उसी रंजिश में रामदयाल के ऊपर हमला हुआ था, जिसमें उसकी मौत हुई थी।

### अतुल अध्यक्ष और इमरान बने उपाध्यक्ष

**हरदोई, अमृत विचार।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के वाहन चालक संघ के चुनाव में ज़िला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें अतुल सिंह को अध्यक्ष और मोहम्मद इमरान को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। शनिवार को सीएमओ आफिस में राजकीय चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिज़वान अहमद सिद्दीकी व प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी की मौजूदगी में हुए कार्यकारिणी के चुनाव में अतुल कुमार सिंह को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मोहम्मद इमरान को उपाध्यक्ष, मनीष कुमार सिंह को जिला मंत्री, हितेश कुमार को संगठन मंत्री, राजपाल को कोषाध्यक्ष, रविन्द्र कुमार को प्रचार मंत्री और अमित कुमार दीक्षित को संयुक्त मंत्री के अलावा अवधेश कुमार सिंह, शाहिद (द्वितीय), शाहिद (प्रथम), आशीष मिश्रा, राम नारायण, राजेश गुप्ता व अब्दुल समद को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। निर्विरोध चुनाव के बाद कार्यकारिणी का ज़ोरदार स्वागत करते हुए शपथ दिलाई गई।

# श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को न हो परेशानी : डीएम

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बैठक मे निर्देश दिये कि शिवालयों पर आने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को पुख्ता कर लिया जाये। उन्होंने मंदिर मार्गों पर साफ-सफाई, पानी का छिड़काव, बिजली के तारों को ऊपर कराने व पथ-प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मंशा नाथ मन्दिर, सुनासी नाथ मन्दिर, सकाहा मन्दिर मंदिर में काफी श्रद्धालु व कावंड़िया आते है, ऐसे में इन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए मंदिर के पास मोबाइल टॉयलेट, मंदिर मार्ग पर पानी के टेंकर से छिड़काव आदि की व्यवस्था बेहतर रहनी चाहिए। निरतंर सफाई टीम तैनात करने के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर बिजली सप्लाई बाधित नहीं रहनी चाहिए। मंदिर मार्ग पर अगर कहीं तारों की उंचाई कम है तो वहां बिजली के तारों को ऊपर कराया जाए। इसके अलावा पथ-प्रकाश की व्यवस्था में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने कहा कि आगामी समय मे रमजान, होली का पर्व है, इसके दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक कर ली जायें, तथा सभी त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जायेगी तथा अफवाह फैलाने वालों और अराजक तत्वों के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतक सहित सभी क्षेत्राधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। पिहानी संवाददाता के अनुसार आगामी रमज़ान, होली और महाशिवरात्रि के मद्देनज़र पिहानी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

### वाहन की टक्कर से तीन लोग हुए घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** राघौपुर रोड पर बोलेरो गाड़ी में किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो में सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। सुरसा थाना क्षेत्र के गांव सथरी निवासी मेवालाल (60) अपनी पत्नी रामश्री (55), भाई जसकरन (56) के साथ मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गांव करियन पुरवा गांव में भागवत कथा सुनने जा रहे थे। शुक्रवार की देर रात राघौपुर रोड पर गंगा एक्सप्रेस वे की मोड पर किसी वाहन ने उनके वाहन में टक्कर मार दी।

# सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण मिला तो होगी एफआईआर : एसडीएम सदर

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सीतापुर मार्ग पर राजकीय मेडिकल गौराडांडा के निकट हो रहे अवैध निर्माण कार्यों की खबर छपने के बाद शनिवार को एसडीएम सदर वहां मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौके पर पड़ी सरकारी जमीनों की जानकारी जुटाई।

एसडीएम सदर सुशील मिश्र ने लेखपाल गजेंद्र सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि मौके की सरकारी जमीन को चिन्हित कर जेसीबी से खंती चढ़ाई जाए। मेडिकल कॉलेज गौराडांडा के समस्त भूमिधरी नंबरों के बैनामों का अवलोकन करते हुए रिपोर्ट दें। मौके पर एक जगह निर्माण कार्य चलता हुआ मिला। उन्होंने निर्माणकर्ता से बैनामा मांगा, लेकिन वह उन्हें मौके दिखा नहीं सका। इस पर अग्रिम आदेश तक निर्माण रुकवा दिया। एसडीएम ने गौरा डांडा किनारे करोड़ों की लागत से बनीं पेयजल टंकी का औचक निरीक्षण किया, तो वहां मोटर खराब स्थित में मिला। इस पर उन्होंने अधिशाषी अभियंता को तत्काल सही करने के निर्देश दिए। लेखपाल से सख्त लहजे में हिदायत दी कि मेडिकल कॉलेज के इर्द गिर्द सरकारी जमीनों पर कब्जा होने की शिकायत मिली, और निर्माण पाया गया तो सीधे निर्माण कर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएं। कहा कि अनुसूचित जाति की जमीनों पर बगैर मजिस्ट्रेट अनुमति के निर्माण करवाना, राजस्व नियमावली के विरुद्ध है।



### धूं-धूं कर जली सोने की लंका

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में शनिवार को सीता की खोज में पहुंचे हनुमान ने अशोक वाटिका उजाड़ दी। गुस्साएं रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगवा दी। श्रीराम के प्रभाव से हनुमान ने रावण की लंका जलाकर राख कर दी।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने खाद गोदाम का किया शुभारंभ

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** केन ग्रोवर्स हरदोई की शाहाबाद खाद गोदाम का सौंदर्यीकरण के बाद उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार की किसानों के प्रति चलाई जा रही योजनाओं एवं जल कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजकीय कृषि बीज भंडार के समक्ष सालों से जर्जर पड़े केन ग्रोवर्स हरदोई की खाद गोदाम का अध्यक्ष रंजीत सिंह द्वारा सौंदर्यीकरण कराया गया। शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री ने इस खाद गोदाम का शुभारंभ किया। कहा कि आज इस खाद गोदाम का शुभारंभ किया गया है, इससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और कीटनाशक दवाएं यहां से कम दामों पर उपलब्ध होंगी। इस मौके पर केन ग्रोवर्स हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने भी खाद गोदाम के शुभारंभ को किसानों के लिए एक बड़ी सहूलियत बताते हुए कहा इस खाद गोदाम से किसानों को अच्छी गुणवत्ता की खाद और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।



खाद गोदाम का शुभारंभ करतीं राज्यमंत्री रजनी तिवारी।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्र पर्व, तैयारियां पूरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में एक दिन पहले शनिवार को देर शाम तक तैयारियां चलती रहीं। साफ-सफाई के साथ रंग-बिरंगी झांकियों से मंदिरों को सजाया गया। जिले के प्रसिद्ध सुनासीर नाथ मंदिर, शिव संकट हरण सकाहा मंदिर, राम जानकी मंदिर में जिला प्रशासन पुलिस के अधिकारियों ने भी जाकर व्यवस्थाओं को देखा तथा व्यापक सुरक्षा इंतजाम की रूपरेखा बनाई।

सुनासीर नाथ मंदिर पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए तिरवाकुल्ली से माधौगंज मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। कन्नौज से हरदोई आने वाले वाहन बिल्हौर, बांगरमऊ से होते हुए आएंगे। कन्नौज जाने वाले वाहन मल्लावां से बिल्हौर वायां बांगरमऊ होते हुए जाएंगे। यह व्यवस्था शनिवार रात्रि 12 बजे से रविवार मध्यान्ह 12 बजे तक रहेगी।

## लापरवाही

### भाटनटोला पूर्वी में साल भर में ही उखड़ी हॉटमिक्स सड़क

# सड़क पर जलभराव से गुजरने को लोग मजबूर

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला भाटनटोला पूर्वी में जीवीपी पॉइंट से शहीद की दुकान तक बनी हॉटमिक्स सड़क एक साल के भीतर ही अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही है। सड़क पर लगातार जलभराव बना हुआ है, जिससे आम लोगों का निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह स्थिति नगर पालिका की घोर लापरवाही और घटिया योजना का नतीजा है।

मोहल्लेवासियों और वार्ड सभासद का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था की गई और न ही सड़क की मरम्मत की ओर कोई ध्यान दिया गया। नतीजा यह है कि छोटे-छोटे बच्चों को रोज स्कूल आने-जाने में गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनके कपड़े खराब हो रहे हैं और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़क एक साल भी क्यों नहीं टिक सकी। अगर निर्माण सही हुआ था तो इतनी जल्दी जलभराव और खराबी क्यों सामने आई? लोगों का कहना है कि नगर पालिका की अनदेखी के कारण आम जनता को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल क्षेत्र में नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश देखने को मिल रहा है।


गंदे पानी से निकलते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### नई तैनाती के लिए आठ एसआई रवाना

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसले के तहत पुलिस लाइन में तैनात 8 एसआई को नई ज़िम्मेदारी सौंपते हुए उनकी रवानगी के लिए आदेश जारी किया है। एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात एसआई अवधेश सिंह को कासिमपुर, एसआई राजेंद्र यादव व एसआई राजकुमार सिंह को कछौना, एसआई अरविंद यादव व एसआई विक्रांत कुमार को बेहटा गोकुल, एसआई शिवेंद्र राय को हरपालपुर, एसआई रघुवंश कुमार यादव को लोनार और पुलिस लाइन में तैनात एसआई राजेश कुमार श्रीवास्तव को अरवल थाने में नई तैनाती सौंपते हुए उनकी रवानगी के आदेश जारी किए है।



### निकाली गई भगवान शिव की शोभायात्रा

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली। इस यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। मल्लावां संवाददाता के अनुसार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य कार्यक्रम में समाजसेवी विशाल जायसवाल ने भगवान शिव की आरती उतारकर पूजन अर्चन किया। सेवाकेंद्र की संचालिका बीके प्रियंका ने मुख्य अतिथि समाजसेवी विशाल जायसवाल का तिलक और पटुका पहनाकर स्वागत किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### 16 को जुटेंगे किसान हुंकार भरेंगे राकेश टिकैत

**सीतापुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आगामी 16 फरवरी को राजा कॉलेज मैदान में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन करने जा रही है। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि और गौरव टिकैत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष अरुण शुक्ला ने बताया कि राकेश टिकैत का महोली और नेरी में जोरदार स्वागत किया जाएगा, जहाँ से उन्हें काफिले के साथ सभा स्थल तक लाया जाएगा। इस आयोजन में सीतापुर के अलावा लखीमपुर, हरदोई, बाराबंकी और शाहजहांपुर से भारी संख्या में किसान जुटेंगे।

### सिलेंडर भरवाने निकले युवक का मिला शव

**सदरपुर, सीतापुर।** थाना क्षेत्र के पोखरा कलां गांव निवासी विनोद (30) पुत्र दयाराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक वे बीते शुक्रवार की शाम घर से गैस सिलेंडर भरवाने निकला था। देर रात राहगीरों ने सूचना दी कि वह मरखापुर गन्ना क्रय केंद्र के पास घायल अवस्था में पड़ा है। परिजन उसे एंबुलेंस से सीएचसी रामपुर मथुरा ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के चचेरे भाई रिंकू ने पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया शातिर

**सीतापुर।** मिश्रिख कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक सीताकुण्ड निवासी धर्मेन्द्र कुमार यादव उर्फ राहुल को संदिग्ध हालत में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मिश्रिख थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

### धनुष भंग प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम बेलहरी गांव में स्थित दुर्गा माता मंदिर में सात दिवसीय दशम श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन श्रद्धाभाव से चल रहा है। कथा व्यास अशोक कुमार सरस जी महाराज व श्रीकान्त मिश्रा संगीतमय शैली में कथा सुना रहे हैं। शनिवार को तीसरे दिन धनुषभंग व सीताराम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा प्रतिदिन दोपहर व सायं आयोजित हो रही है। 19 फरवरी को समापन पर कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### विजयी छात्र पुरस्कृत दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**हरगांव।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर जिला विज्ञान क्लब की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गफ्फार खान व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने प्लास्टिक व पॉलिथीन के दुष्प्रभाव बताते हुए उनके सीमित उपयोग, पुनर्चक्रण और उचित निस्तारण पर जोर दिया। पर्यावरणविद् ममता देवी ने दैनिक जीवन में छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किशोरावस्था में संतुलित आहार और स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

### युवक ने नहर में लगाई छलांग

**महमूदाबाद, सीतापुर।** युवक ने शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। युवक छह दिन से लापता था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। कुछ समय बाद युवक सुरक्षित मिल गया। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के सिहारूखेड़ा पुल पर शनिवार दोपहर रामपुर मथुरा थाना इलाके के चांदपुर फरीदपुर गांव निवासी अरविंद तिवारी (24) की बाइक खड़ी मिली। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस को आशंका थी कि युवक ने शारदा सहायक नहर में छलांग लगाई है। परिजनों के मुताबिक, अरविंद के खिलाफ छह दिन पहले चोरी के संबंध में चांदपुर चौकी में तहरीर दी गई थी, जिसके बाद से वह घर से गायब था।

# डीएम साहब ! प्रधान ने खेत में निकाल दिया रास्ता

## थाना समाधान दिवस पर संदना थाने में डीएम से शिकायत, राजस्व से जुड़ी अधिक शिकायतें

**गोंदलामऊ, सीतापुर।**

**अमृत विचार:** साहब ! मेरी जमीन पर ग्राम प्रधान ने जबरन चकमार्ग निकाल दिया है, विपक्षी अब उस पर खड़ंजा लगाने जा रहे हैं। ये शिकायत नगवा जयराम गांव से आए खलील अहमद ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. से की। इस पर उन्होंने मातहतों को सख्त निर्देश दिए।



थाना समाधान दिवस पर संदना थाने में शिकायत सुनते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

जनपद के सभी थानों में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने थाना संदना में फरियाद सुनी। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इसके बाद जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने पंजाबी धर्मशाला में एसआईआर फार्म, फार्म-6 एवं फार्म-8 की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुये एसआईआर की पूर्ण लिस्ट दीवार पर चम्पा करने के निर्देश दिये। इस दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### लेखपाल पर खसरा न देने का आरोप डीएम ने मांगी रिपोर्ट

संदना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में उमरापुर निवासी रामखेलावन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि लेखपाल उनकी भूमि का खसरा उपलब्ध नहीं करा रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार अनुरोध के बावजूद अभिलेख न मिलने से उन्हें राजस्व कार्यों में परेशानी हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने एसडीएम मिश्रिख अभिनव यादव को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**जिलाधिकारी ने किया सीएचसी गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण**

## वैक्सीनेशन में लापरवाही पर एएनएम को नोटिस

**संवाददाता गोंदलामऊ, सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने सीएचसी गोंदलामऊ का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता जांची। वैक्सीनेशन में लापरवाही मिलने पर एएनएम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथोलॉजी, नेत्र सुरक्षा केंद्र व किचन का निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी धीरज मिश्रा से चिकित्सकों की उपस्थिति और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार मरीजों को बेहतर उपचार मिले और आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।


सीएचसी गोंदलामऊ में स्वास्थ्य सेवाओं को परखते डीएम।

डिलीवरी रजिस्टर की जांच करते हुए जन्म प्रमाणपत्र डिस्चार्ज के समय देने, बेडशीट नियमित बदलने व मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मातृ सुरक्षा केंद्र में वैक्सीनेशन दर्ज न मिलने पर एएनएम सरिता देवी को नोटिस जारी करने को कहा। फार्मेसी में दवाओं के रख-रखाव और कोल्ड चेन की भी जांच की।

# सरकारी भूमि से हटवाया कब्जा

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर।**

**अमृत विचार :** तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने बागवानी टोला स्थित पुरानी पुलिस चौकी व जर्जर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे बुलडोजर से हटाकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया।


कब्जा हटाती जेसीबी। अमृत विचार

शनिवार देर शाम राजस्व निरीक्षक अमर सिंह, लेखपाल आलोक श्रीवास्तव, राहुल यादव, पवन यादव, रमाकांत सिंह तथा चौकी इंचार्ज मनोज गुप्ता की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। एसडीएम आकांक्षा गौतम ने बताया कि मोहल्ले के कुछ लोगों ने लकड़ी रखकर व अस्थायी निर्माण कर सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया था। एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन कब्जा न हटने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में स्थापित पुलिस चौकी की 33 डेसिमल भूमि को बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया गया। कब्जामुक्त हुई भूमि की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है।

### पुलिस ने 11 वांछित-वारंटी किये गिरफ्तार

**सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीतापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 11 वांछित और वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के आदेशानुसार में यह कार्रवाई विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा की गई। सबसे अधिक पांच वारंटियों विजय कुमार,विपिन, भागीरथ, गयादीन और विवेश्वर को गिरफ्तार किया। दहेज अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में वांछित तीन आरोपियों मंदीप, श्रीप्रकाश और सरोजनी को गिरफ्तार किया। खैराबाद, मानपुर व सदरपुर पुलिस ने इन तीनों थानों ने एक-एक वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

# हरकत में आया प्रशासन, शुरू हुई केके गैंग की जांच

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।**

**अमृत विचार:** केके गैंग से जुड़ी खबर अब सूबे की राजधानी तक पहुंच चुकी है। तूल पकड़े मामले में शुरू जांच से घबराकर गैंग से जुड़े गुर्गों ने खैराबाद स्थित एक कब्जेदार तथाकथित व्यापारी के घर लंबी-चौड़ी बैठक कर डाली। समस्या से उबरने के लिए करोड़ों की डील में समय सीमा को बढ़ाए जाने की बात सामने आई है।

दरअसल, अमृत विचार ने खैराबाद की फलपट्टी को पट्टी बनाकर बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस कड़ी में शहर में हजारों लोगों को रोजगार देने वाली सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री भी शामिल हुई। हरियाली को खत्म कर नियमों से इतर की जा रही प्लाटिंग और प्लाईवुड फैक्ट्री को लेकर हुई गुपचुप डील का मुद्दा भी अमृत विचार ने उठाया। कुल प्रकरण को प्रशासन और फिर शासन दोनो ने गंभीरता से संज्ञान लिया। कसते शिकंजे के बीच फोन डिटेल, बैंक डिटेल और लोकल के संपर्कों को खंगालने का काम देर शाम तक जारी रहा। उधर, घबराए केके के कई फोन बंद कर लंबी छुट्टी लेने की खबर है। वहीं हालातों को काबू में रखने के लिए खैराबाद में एक कब्जेदार तथाकथित व्यापारी द्वारा अपने घर पर बुलाकर लंबी चौड़ी बैठक बुलाए जाने की बात सामने आई है।

**अमृत विचार IMPACT**

**खैराबाद के चर्चित कब्जेदार के घर 'डील में ढील'**


फैक्ट्री का ले आउट बना, गुपचुप हो गई बैंक डील!

शुक्रवार के अंक में प्रकाशित खबर।


हेलो! मैं केके बोल रहा हूं डील पक्की

शनिवार के अंक में प्रकाशित खबर।

### विद्यालय की सफाई अपने खर्चे से कराने को मजबूर शिक्षक

**हरगांव। अमृत विचार:** विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायतों में तैनात सफाईकर्मियों की लापरवाही के चलते केंद्र सरकार का 'स्वच्छ भारत मिशन' दम तोड़ता नजर आ रहा है। ड्यूटी से नदारद रहने वाले सफाईकर्मियों के कारण ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सलारपुर के कंपोजिट विद्यालय में तैनात सफाईकर्मी अजय कुमार के महीनों गायब रहने के कारण प्रधानाध्यापक मो. इलियास ने बताया कि अपने खर्च पर निजी कर्मचारी रखना पड़ा है। वहीं, कोरैय्या उदनापुर में भी सफाईकर्मी धर्मेंद्र कुमार की अनुपस्थिति के कारण ग्राम प्रधान रईस आलम ने बताया कि निजी स्तर पर गांव और स्कूल की सफाई करवा रहे हैं।

# पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को किया नमन, निकाली तिरंगा रैली

**संवाददाता, सीतापुर।**

**अमृत विचार :** पुलवामा हमले की बरसी पर शनिवार को जिले के कई स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने तिरंगा यात्राएं निकालकर व श्रद्धांजलि सभाएं कर शहीद जवानों को नमन किया। दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया गया और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। उधर, अटरिया कस्बे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में पुलवामा शहीदों की स्मृति में तिरंगा रैली निकाली गई। करीब 500 छात्र-छात्राओं ने 125 फीट लंबा तिरंगा लेकर मार्च किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि पुलवामा के वीर जवानों का बलिदान देश सदैव याद रखेगा। कार्यक्रम में नगर मंत्री दीपांशु मिश्रा, वैष्णवी सिंह, मयंक सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर नैमिषारण्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुए।


कार्यक्रम को संबोधित करते राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष।

### महाशिवरात्रि पर्व पर शहर से लेकर गांव तक रूट डायवर्जन

**सीतापुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस महकमें ने 24 घंटे का ट्रैफिक डायवर्जन करने का निर्णय लिया है। डायवर्जन शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगा।

इस क्रम में सीतापुर शहर से मंडी चौकी होते हुए गोला जाने वाले सभी भारी और व्यावसायिक वाहनों पर रोक रहेगी। ऐसे वाहन अब नवीन चौक से बिजवार ओवरब्रिज होते हुए लखीमपुर की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। इसी तरह गोला की ओर से सीतापुर शहर आने वाले वाहनों को काजी कमालपुर से महोली होते हुए दिल्ली–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। बहराइच मार्ग से आने-जाने वाले वाहन अब बिसवां न आकर रेउसा के अटल चौक से महमूदाबाद की ओर भेजे जाएंगे। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि महाशिवरात्रि पर को लेकर रूट व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।


प्रतियोगिता में विजयी टीम के साथ अतिथि। अमृत विचार

### मलिक गारमेंट्स ने जीत फाइनल मैच

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** लहरपुर प्रीमियर लीग सीजन–वन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब मलिक गारमेंट्स ने अपने नाम कर लिया। फाइनल में टीम ने सुहेल इलेवन को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नगर के मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में मलिक गारमेंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 130 रन बनाए। छोटे और साजेब मिर्जा की बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में उतरी सुहेल इलेवन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम 102 रन पर सिमट गई। इससे पहले सेमीफाइनल में सुहेल इलेवन ने 106 रन के लक्ष्य को 7 .1 ओवर में हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया था। काशिफ को मैन ऑफ द मैच और सुहेल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को 16 हजार व उपविजेता को 8 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई।

# जेसीआई एलीट की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



जेसीआई एलीट की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

**संवाददाता, बिसवां।**

**अमृत विचार :** कस्बे के एक होटल में जेसीआई एलीट की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि जेसीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि बिसवां जेसीआई का नाम आज पूरे देश में गर्व से लिया जाता है। उन्होंने नई पीढ़ी के जुड़ाव को संस्था की ताकत बताया। विशिष्ट अतिथि जोन उपाध्यक्ष सूरज बग्गा ने नई कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई टीम की घोषणा हुई जिसमें अध्यक्ष के रूप वी शर्मा सचिव के रूप में पंकज माधवानी कोषाध्यक्ष नमन अग्रवाल को बनाया गया। चेयरपर्सन कविता शर्मा रहीं वर्ष 2025 के अध्यक्ष अंकित बंसल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र पाल सिंह को संस्था में 15 वर्ष पूर्ण करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडर अध्यक्ष हिमांशु नाथ सिंह, रितु सिंह, उमंग राजवंशी सहित अजीत श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रवाल और भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मां से कहासुनी के बाद किशोरी ने की आत्महत्या

**संवाददाता, कमलापुर।**

- **सिधौली कस्बे की घटना, कमरे में दुपट्टे के सहारे लटका मिला शव**

**अमृत विचार :** किशोरी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताते हैं कि मां से पैसों को लेकर कहासुनी के बाद किशोरी ने ऐसा कदम उठाया। सिधौली कस्बे में हुई घटना के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू की है।

कस्बे के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रह रही सौम्या शर्मा (17) ने शुक्रवार दोपहर अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे खुदकुशी कर ली। बताते है कि घटना से पहले उसकी मां से पैसों की मांग को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह नाराज होकर कमरे में चली गई। काफी देर तक बाहर न आने पर परिजनों ने दरवाजा खोला तो उसका शव झूलता मिला। आनन-फानन में नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अब गांव-गांव गूंजेगी मजदूरों की आवाज

**सीतापुर। अमृत विचार :** सांसद राकेश राठौर ने मनरेगा बचाओ यात्रा की विस्तृत रूपरेखा जारी की। सांसद प्रतिनिधि एहतिशाम बेग व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों, समय पर भुगतान और पारदर्शिता की मांग को लेकर यह अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। यात्रा का मुख्य कार्यक्रम प्रथम चरण में यात्रा का शुभारंभ हरगांव ब्लॉक की कल्याणपुर ग्राम पंचायत से सांसद राकेश राठौर हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह हरगांव और सदर विधानसभा की साठ ग्राम सभाओं को कवर करेगी। द्वितीय चरण में बिसवां, सेवता, महोली और मिश्रिख विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा का संचालन होगा। तृतीय चरण में महमूदाबाद क्षेत्र की 70 ग्राम सभाओं में अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 15 मार्च को हरगांव में 'संविधान बचाओ संवाद रैली' का आयोजन किया जाएगा और पहली मई मजदूर दिवस पर सीतापुर में एक विशाल रैली के साथ यात्रा का समापन होगा। इस दौरान शिवप्रकाश सिंह, सुनील रावत, अनुपम राठौर और राधेश्याम कनौजिया सहित कई नेता मौजूद रहे।

# सिंडीकेट को दिखाई शिकायतकर्ता की तस्वीर

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।**

**अजब-गजब**

- **सेहत से खिलवाड़ करने वालों की डीएम से हुई थी शिकायत**
- **गोपनीय जांच सार्वजनिक होने पर शिकायतकर्ता ने दी नोटिस**

**अमृत विचार:** सीतापुर में सिंडीकेट के मिथक का सामना करना किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं, किसी ने हिम्मत जुटा भी ली तो मान लो मुसीबत पक्की। कुछ ऐसा ही मामला स्वास्थ्य महकमें से जुड़ा हुआ सामना आया। शिकायतकर्ता का दावा है कि उसका शिकायती पत्र ही नहीं नाम भी सार्वजनिक कर दिया गया, ऐसे में उसे जान-माल की धमकी अलग से मिल रहीं। शिकायतकर्ता की ओर से एक नोटिस मुख्य विकास अधिकारी को भेजी गई है।

प्रकरण लहरपुर तहसील क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता नुसरत अली के मुताबिक, इलाके में बड़ी संख्या में क्लीनिक में प्रसव कराए जा रहे हैं। जिसके चलते कई मौत हो चुकी है। हंगामे के बीच केंद्र बंद होते हैं फिर खुल जाते हैं। बताया कि बड़े पैमाने पर गांजर में सेहत से हो रही खिलवाड़ की शिकायत जिलाधिकारी से की। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल सीएमओ को गोरखधंधे के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता कहते हैं कि यहां तक तो सबकुछ ठीक-ठाक था, लेकिन सीएमओ दफ्तर पहुंचने पर शिकायती पत्र की तस्वीर बदल गई। आनन-फानन में संचालको को नोटिस थमाई गई, जिसमें शिकायतकर्ता की शिकायत का हवाला दिया। नुसरत अली बताते हैं कि ऐसे गंभीर प्रकरणों में शिकायतकर्ता को गोपनीय रखा जाता है। लेकिन उनका नाम सार्वजनिक होने से लगातार जान-माल की धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को नोटिस भेजा है।

> शिकायतकर्ता नुसरत अली द्वारा मानकों से विपरीत चलने वालों क्लीनिक / नर्सिंग होम के विरुद्ध जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। शिकायती पत्र को आधार बनाकर कई संचालकों को नोटिस भेजी गई है, नियमों के विपरीत निजी स्वास्थ्य केंद्र चलाने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। – **डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

### पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं: डीएम

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** सैनिक बंधु की बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों, शहीदों के आश्रितों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों ने पेंशन, चिकित्सा सुविधा, भूमि विवाद, रोजगार, पहचान पत्र, आवास एवं अन्य विभागीय मामलों से जुड़ी समस्याएं उठाईं। डीएम ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, उनके सम्मान और सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। सैनिक कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि संचालित योजनाओं की जानकारी नियमित रूप से पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों तक पहुंचाई जाए। साथ ही लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का खाका तैयार

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर।**

**अमृत विचार:** पिसावां स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्यालयों में पारदर्शिता बढ़ाने और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम दाता अनिल आजाद ने कहा कि शिक्षा मद में मिलने वाली धनराशि की जानकारी अभिभावकों व एसएमसी सदस्यों से साझा की जाए। प्रत्येक माह के पहले बुधवार को नियमित बैठक करने की भी अपील की गई। ट्रेनर आनंद राव गौतम, गितेंद्र पाल सिंह और अखिलेश श्रीवास्तव ने विद्यालय विकास की तीन वर्षीय कार्ययोजना ग्राम विकास योजना में शामिल कराने का सुझाव दिया। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने स्कूल संचालन व धनराशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में कई शिक्षक व एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।


बैठक में सम्मिलित शिक्षक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रात में निमंत्रण से वापस लौट रहा वृद्ध सड़क हादसे में घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की रात सेमरी गाँव के निकट लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग बाईपास पर हुई है, जहां साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। राहगीरों ने इलाज के लिए उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे एम्स के लिए रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामप्यारे मौर्य (60) निवासी दौलतपुर गांव निवासी के रूप में हुई है। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी सियाराम राजपूत ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### महिला पर हमला पुलिस से मांगा न्याय

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम सभा खिवलीधरपुर में एक विधवा महिला के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता शीला पत्नी स्व. अमरेश ने अपने ही ससुराल पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने और गंभीर चोटें पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली ऊंचाहार में न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि शनिवार की सुबह जमीन के विवाद को लेकर उसके देवर, ससुर, देवरानी और ननद के लड़के ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। इधर घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सियाराम राजपूत ने बताया कि मामले जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पटाखा विस्फोट से घर के उड़े चीथड़े एक की मौत, तीन की हालत गंभीर

## सलोन कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज बाजार की घटना, मौके पर पहुंचे एसपी और एएसपी


पटाखा विस्फोट से घर की उड़ीं धज्जियां, टूटी दीवार और बिखरा मलबा। अमृत विचार


घर में पटाखा विस्फोट के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण व जांच करते अधिकारी।

संवाददाता सलोन, रायबरेली

- अवैध पटाखा भंडारण के लिए लाइसेंसी पटाखा व्यापारी ने घर को बना रखा था गोदाम
- पटाखा के तेज धमाके से सहमे आसपास के ग्रामीण, घर के अंदर जाने की नहीं हो रही थी हिम्मत

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज बाजार में शुक्रवार की देर रात एक लाइसेंसी पटाखा व्यापारी के घर पर अवैध पटाखा भंडारण के चलते तेज धमाका हो गया। धमाके में पटाखा व्यापारी समेत पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सलोन ले जाया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में पटाखा व्यापारी की पत्नी की मौत हो गई। जबकि मामूली रूप से घायल व्यापारी के बेटे को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। बाकी तीन लोगों का इलाज चल रहा है। पटाखा विस्फोट से लगभग 13 घरों का प्रभावित होना बताया गया है। इस घटना के बाद जिला प्रशासन में भी तेज सक्रियता दिखी। एसपी रवि कुमार, एएसपी संजीव सिन्हा, एसडीएम चन्द्र प्रकाश और सीओ सलोन घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल पर करहिया चौकी अंतर्गत साहबगंज बाजार में बीतीरात लगभग दो बजे के करीब पटाखा व्यवसाई मुहम्मद यूनुस (40) पुत्र मुहम्मद शकुर के घर पर तेज ब्लास्ट हुआ। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग घरों से बाहर की ओर भागे तो एक के बाद एक शक्तिशाली कई धमाके हो गए। धमाके के बाद पटाखा व्यवसाई का घर मलबे में तब्दील हो गया। जबकि पड़ोस में रह रहे पटाखा व्यवसाई के बेटे बहु और पोते पर धमाके के बाद उनके ऊपर दीवार गिर गई। आसपास के लोगो ने तुरंत फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची फायर टीम ने घर मे लगी आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस की मदद से स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे पटाखा व्यवसाई मु. यूनुस उसकी पत्नी अख्तरुन (65), बेटा फिरोज और उसकी पत्नी रूबी बानो और फिरोज का बेटा मु. अली (16) को लोगों ने निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया। वहीं घायलों की हालत बिगड़ता देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान वृद्ध महिला अख्तरुन की मौत हो गई। जबकि बेटे फिरोज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पटाखा विस्फोट की वजह से पड़ोस के कई मकान भी टूट-फूट गए।

उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने बताया कि मु. यूनुस की लाइसेंसी दुकान है। उसने अपने घर में अवैध भंडारण किया था जिसकी वजह से आग लगी। मामले की जांच कराई जा रही है।


घटनास्थल की जांच करते एसपी और फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

# आतिशबाजी विस्फोट से व्यवसायी का परिवार तबाह, पड़ोसियों में खौफ

प्रदीप कुमार गुप्ता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** घर को आग लग गई घर के चिराग से कुछ इसी तरह आतिशबाजी व्यवसायी मुहम्मद यूनुस को उसके ही व्यवसाय के उत्पादनों ने उसे बर्बाद कर दिया। आतिशबाजी के विस्फोट से व्यवसायी ने अपनी पत्नी को हमेशा के लिए खो दिया। वहीं उसके पुत्र और बहू सहित परिवार के बाकी सदस्य गंभीर अवस्था में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। आतिशबाजी के व्यवसाय ने मु. यूनुस को पैसा, नाम के साथ शोहरत भी भरपूर दी। इसी व्यवसाय ने जाते-जाते उसे एक सिला दिया कि उसका परिवार पूरी तरह बर्बाद हो गया और अब वह परिवार के घायलों सदस्यों की सलामती के लिए दोनों हाथ उठाए खुदा से दुआएं कर रहा है। साहबगंज बाजार में पटाखा व्यवसाई के घर के अंदर हुए विस्फोट से आसपास समेत दूर इलाको में दहशत फैल गई। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि इसकी आवाज एक किलो मीटर दूर सुनाई दी। अनंतपुर निवासी बलराम पुत्र रातिपाल ने बताया की उनका घर घटना स्थल से एक किलो मीटर दूर है। सब लोग रात में सो रहे थे। देर रात अचानक जोरदार धमाका हुआ। युवक ने बताया कि धमाके के दौरान अचानक महसूस हुआ कि उसका घर हिल रहा है। बाहर निकलकर देखा गया तो गोला बारूद की सिलसिलेवार आवाजे आ रही थी। युवक का कहना था कि पहला धमाका शक्तिशाली था। पटाखा व्यवसाई के घर से बिल्कुल सटा रवि कुमार का घर है। रवि की पत्नी सविता ने बताया कि दो बजे रात अचानक तेज धमाका हुआ। महिला ने बताया कि घटना के दौरान कमरे में सो रही थी। अचानक उसे लगा कि कही बम दग रहा, या बंदूक की आवाज है। घर के बाहर निकल कर देखा तो पड़ोस में आग लगी थी। चारों तरफ धुंआ का गुबार था। हालत बिल्कुल भयावह थे। घटना के बाद से पूरा परिवार घर के बाहर बाग में डरा सहमा बैठा हुआ है। घर के अंदर जाने की कोई भी हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।


बलराम।


ज्योति।


सविता।


शान अली।

### धमाके से मकान पर जा गिरा गेट व विद्युत पोल

अवैध भंडारण के तहत घर में रखे बारूद के बाद धमाके से मु. यूनुस का पूरा मकान ध्वस्त हो गया है। मकान का ढांचा खड़ा तो है वह भी हिल रहा है। प्रशानिक आदेश तक किसी को भी दुर्घटना स्थल के इर्दगिर्द जाने से रोक दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक घटना के दौरान यूनुस उनकी पत्नी अख्तरुन मलबे में दबी पाई गई। जबकि बहु बेटे और पोते पड़ोस में बने अपने घर में घायल मिले। घटना के दौरान फिरोज का दूसरा लड़का शान अली बाल-बाल बच गया। उसे एक भी खरोच नही आई। ब्लास्ट इतना जबरजस्त था कि घर के सामने लगा गेट और बिजली का खम्बा उखड़कर सामने बन रहे ज्योति पत्नी मनोज के निर्माणाधीन मकान के दीवार पर जा गिरा। जबकि बिजली का मीटर, बर्तन आसपास बिखरे पाए गए। ज्योति का कहना है कि घटना के दौरान वह अपने मायके गई थी। घर के अंदर घुसने की हिम्मत नही हुई। उसने बताया कि जिस तरह पड़ोसियों का पूरा घर क्षतिग्रस्त हुआ है उसे अपने घर में घुसने से डर लग रहा है।

### पड़ोसी की छतों में आई दरार व टूटी दीवार

यूनुस के घर के उत्तर साइड पड़ोस में रहने वाले राम शंकर सात भाई हैं। सभी भाई एक ही मकान में रहते हैं। पटाखा विस्फोट के बाद इनका पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। छतों में दरार के साथ कमरे की दीवार टूटकर गिर गई। रामशंकर के भाई रवि ने बताया की घटना के दौरान सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थी। ब्लास्ट इतना जबरजस्त था कि उसका मकान तो क्षतिग्रस्त हुआ ही है। एक दीवार टूटने से कमरे में खड़ी बाइक और जनरेटर भी मलबे में दब गया। जबकि यूनुस के दक्षिण की तरफ उसके बेटे राइस और उसके बगल राम नरेश का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। गनीमत रही कि इन दोनों घरों में कोई व्यक्ति घटना के दौरान नही मौजूद था।


विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

### अल्ताफ इलेवन ने अमित इलेवन को हराया

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ में चल रही अण्डर 17 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का फाइनल मैच अल्ताफ इलेवन और अमित इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें अल्ताफ इलेवन ने चार विकेट से मैच जीत कर कप अपने नाम का लिया। अल्ताफ इलेवन ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया। अमित इलेवन ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 63 रन बनाए। वहीं जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्ताफ इलेवन ने 7 .4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। इस प्रकार से अल्ताफ इलेवन ने 3 तीन विकेट से जीत हांसिल की। मुख्य अतिथि करुणा शंकर, उमेश कुमार रहे। मैन ऑफ द सीरीज अल्ताफ और मैन ऑफ द मैच अंशुमन को दिया गया। प्रतियोगिता में रोमांचक कमेंट्री अमन मंसूरी ने की तो वहीं स्कोरर की भूमिका मोहम्मद जुनैद ने निभाई।

### धोखाधड़ी से नकदी पार करने वाले शातिर को धर दबोचा

**सलोन, रायबरेली।** युवक से धोखाधड़ी कर नगदी लेकर फरार हुए शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि घटना को अंजाम देने वाले दो वांछितों को पुलिस तलास कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के अतागंज उसरी निवासी सन्दीप पुत्र लालचंद 6 फरवरी को बीओबी बैंक गए हुए थे। यहां उन्होंने खाते से बीस हजार रुपये निकाले थे। पीड़ित के मुताबिक बैंक खाते पैसे निकालकर गिन रहा था। उसी दौरान एक बाइक से तीन अज्ञात युवक आए और नोट गिनने के बहाने उससे रुपये लेकर "पानी पीकर आने" की बात कहकर फरार हो गए। जिसके बाद युवक ने सलोन थाने पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की सीसीटीवी फ़ोटो के जरिये प्रकाश में आये अभियुक्त वीर पटेल उर्फ ओम पटेल पुत्र हरिकेश निवासी ग्राम ढोलकान का पुरवा मजरे अगई थाना लालगंज अझारा जनपद प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त ने कबूल नामे में बताया कि उसने अपने साथी मनीष निवासी अगई और आदित्य उर्फ छोटू निवासी रायपुर थाना लालगंज आझार के साथ मिलकर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सलोन के पास एटीएम से रुपये निकालकर गिन रहे एक व्यक्ति को गिनती में मदद करने के बहाने उसके रुपये ले लिए और पानी के बहाने एक बाइक से फरार हो गए थे।


शिव जयंती पर्व महोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करतीं ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनें। अमृत विचार

### समाज को सही दिशा देता है ब्रह्मकुमारी परिवार का प्रयास

**ऊंचाहार, रायबरेली।** त्रिमूर्ति शिव जयंती पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने ब्रह्मकुमारी परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए हितकारी बताया। वह नगर के गायत्री नगर में आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी परिवार द्वारा आयोजित त्रिमूर्ति शिवजयंती महोत्सव में सहभागिता का अवसर मिला। शांति, संयम और स्व-परिवर्तन से विश्व-परिवर्तन का उनका संदेश मन को गहराई से छू गया। नैतिक मूल्यों, सेवा और सकारात्मक सोच के लिए समर्पित यह प्रयास समाज को सही दिशा देता है। कार्यक्रम में रायबरेली संस्था की मुख्य संस्थापक बहन ज्योति दीदी ने शिव अवतरण का आध्यात्मिक रहस्य बताया। कार्यक्रम में बीके सपना, रमता दीदी, बीके शालनी दीदी, अनीश, बृजेश यादव, डॉ. पी. कुमार, आशीष आदि के बीच "ध्वजारोहण शिव आरती पूजन और प्रभु प्रसाद ग्रहण" किया गया।

### बाबा पराग दास स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**डीह, रायबरेली।** ब्लाक क्षेत्र के बाबा पराग दास पब्लिक स्कूल रेवरी सैदपुर में शनिवार को विद्यालय का धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में बच्चों ने शिक्षा पर आधारित कार्यक्रम, सास बहू पर लघु नाटक, देश भक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अशोक यादव, सुरेश कुमार, संजू यादव व मौजूद अभिभावको ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक अंकित यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ग्रामीण आंचल के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले, जिससे बच्चे अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रबंधक अंकित यादव और प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### दो डंपरों में हुई टक्कर, चालक और खलासी बचे


दुर्घटनास्थल पर खड़े क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

**छतोह, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर-अठेहा मार्ग पर निनावां गांव के पास बुधवार को एक बड़ी दर्दनाक दुर्घटना होने से बची। सड़क किनारे खड़ा एक डंपर पीछे से आ रहे दूसरे डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में दोनों डंपर क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों डंपरों में सवार ड्राइवर और क्लीनर बाल-बाल बच गए। वे हल्की चोटें लेकर बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने तुरंत सूचना दी, जिस पर डीह थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों डंपरों को कब्जे में ले लिया है।

# एसपी ने किया सलोन थाने का निरीक्षण


सलोन थाने में अभिलेख देखते एसपी रवि कुमार। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली।** एसपी रवि कुमार ने हाल में ही जिले की कमान संभाली है। चार्ज संभालने के बाद अब वह थानों के औचक निरीक्षण करने में जुट गए हैं। शुक्रवार देर रात एसपी सलोन थाने का निरीक्षण करने पहुंच गए। एसपी ने महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की और प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्रवाई के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। जिले की कमान संभालते ही नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जिले का कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी शुक्रवार की रात पहली बार सलोन थाने पहुंचे। एसपी ने थाने के कार्यालय में अभिलेखों के रख रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष, भोजनालय, थाने की साफ-सफाई, बंदी गृह आदि का निरीक्षण किया। कहा कि थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और समय पर निराकरण किया जाए। महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा व संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार सिंह, सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने शहीदों को किया नमन

**लालगंज, रायबरेली।** 14 फरवरी पुलवामा शहीदी दिवस पर लोगों ने घटना में शहीद होने वाले वीर सैनिकों को नमन किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विधायक मनोज पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, भाजपा नेताजेपी सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य शिवेंद्र सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, दल बहादुर सिंह आदि ने पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल शिक्षक, नोडल शिक्षक संकुल व कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया। राजवंत चौधरी एसआरजी ने कहा कि आंगनवाड़ी द्वारा बाल वाटिका संचालित की जा रही है जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रत्येक न्याय पंचायत से विभिन्न स्कूलों के निपुण प्राप्त कर चुके पांच-पांच बच्चों को सम्मानित किया गया। कुल 45 बच्चों को पुस्तके व ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया गया। संचालन आशीष प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र यादव, आशीष प्रताप सिंह सेंगर, विश्वास बहादुर सिंह, सौरभ तिवारी, शशिकांत त्रिवेदी, शुभम, मोहित, विजय निर्मल, शशी सिंह, वंदना शुक्ला, ममता शर्मा, हेमा पांडे, रेखा सिंह आदि मौजूद रहीं।

### नायब तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं


समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी व शिकायतकर्ता। अमृत विचार

**डलमऊ, रयबरेली।** डलमऊ कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार डलमऊ वीरेंद्र कुमार ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी। यहां पर नौ शिकायत आईं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोहवा नटकी ग्राम निवासी रमेश कुमार ने शिकायती पत्र में बतााया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के साथ मिलकर धोखाधड़ी और जाल साजी करते हुए पूर्व में अपने नाती के नाम अपनी भूमि का रजिस्ट्री दान पत्र कर देने के बाद धोखाधड़ी करते हुए दोबारा उसी भूमि का विक्रय पत्र लेकर उसके पुत्र के नाम किया गया। जानकारी होने पर पैसा वापस न करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

## करें सुनवाई, ताकि बार बार चक्कर न लगाएं शिकायतकर्ता : एसडीएम

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना समाधान दिवस में एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को चंदापुर थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। चंदापुर में कुल 4 राजस्व की आई शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं महराजगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में दो राजस्व व दो पुलिस की शिकायतें आईं। एसडीएम गौतम सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता बार-बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाए। इसके लिए शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना चाहिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, कोतवाल जगदीश यादव के अलावा हल्का लेखपाल व कानूनगो आदि मौजूद रहे।

# संकल्प और भक्ति से कराया शिव मंदिर का निर्माण

- महाशिवरात्रि पर विशेष आस्था और विश्वास का प्रतीक बन गया है ओंकारेश्वर महादेव धाम

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार।** परशदेपुर का ओंकारेश्वर महादेव धाम श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बन गया है। यह मंदिर आस्था के साथ अपनी सुंदरता और भव्यता के लिए भी पहचाना जाता है। सावन माह और महाशिवरात्रि पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती हैं। मंदिर की स्थापना में प्रमुख योगदान वार्ड नंबर 09 निवासी सेवानिवृत्त चिकित्साधिकारी डॉ. वासुदेव पांडेय का है। जिन्होंने अपने अदम्य संकल्प और भक्ति से भव्य शिव मंदिर का निर्माण करा दिया। डॉ वासुदेव पांडेय बताते हैं कि उन्हें सपना आया था कि अपने जीवन, परिवार और समाज के उद्धार के लिए कुछ करना चाहिए। इस पर एक महात्मा ने उन्हें मंदिर बनवा कर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा करने की सलाह दी। इसके बाद डॉ वासुदेव पांडेय ने भव्य शिव मन्दिर बनवाने की ठान ली और कुछ ही समय में उन्होंने क्षेत्रवासियों के सहयोग से अत्यंत ही भव्य शिव मंदिर का निर्माण करवा दिया।

**भंडारा आजः** मंदिर के पास स्थित पीपल के पेड़ के पास विगत वर्षों की तरह शनिवार से रामचरित मानस का पाठ शुरू हो गया है। शिवरात्रि पर समापन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

**ऐसे पहुंचें मंदिरः** सलोन-जायस मार्ग पर परशदेपुर कस्बा है। यहां मुख्य चौराहे से साकेतनगर जाने वाले मार्ग में थोड़ी ही दूरी पर यूको बैंक है। उसके पास दाहिनी तरह गली में भव्य ओंकारेश्वर महादेव धाम मंदिर और धर्मशाला स्थित है।



परशदेपुर स्थित भव्य ओंकारेश्वर महादेव धाम। अमृत विचार

### धीरे-धीरे बढ़ती जा रही मंदिर की ख्याति

मंदिर की ख्याति बढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां पूजा-अर्चना के साथ ही सुबह शाम आरती होती है। शाम को महिलाओं द्वारा भक्ति गीत भी गाए जाते हैं। मंदिर में शिव परिवार के अलावा काल भैरव और हनुमान जी की प्रतिमा की भी स्थापना हुई है।

### साप्ताहिक कथा के समापन पर हुआ भंडारा

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूढ़ा स्थित लग्गू वीर बाबा मन्दिर प्रांगण में चल रही सप्ताहिक जगजीवन चरित्र मानस के समापन के उपलक्ष्य में श्रद्धा और उल्लास के साथ भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। राजेश मौर्य के नेतृत्व में आयोजित संगीतमयी श्री जगजीवन चरित्र मानस कथा का रसपान नरसिंह दास जी महराज अपनी अमृतमयी वाणी से करा रहे थे। वहीं कथा में पधारे पूज्य महंत घनश्याम दास, पूरे पुरवा धाम देवीदास के मुखारविंद से जगजीवन दास साहब की महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में विनय कुमार वर्मा, अंकित वर्मा, रामहेत, जंग बहादुर, दिनेश यादव, पराग प्रसाद रावत मौजूद रहे। सरदार वीरेंद्र सिंह ने समर्थ गुरु जगजीवन साहब के अमृतमय भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर अंकित वर्मा, डा. बल्देव वर्मा ने महंत घनश्याम दास व कथा व्यास नरसिंह महाराज, महंत राम अवध मौर्य, महंत फूल चंद्र, महंत बिहारी दास, अर्जुन सिंह, महन्त बाबा, कल्लू दास आदि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

न्यूज ब्रीफ

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां क्षेत्र के एक कंपनी जा रहे बाइक सवार युवक सुरेंद्र पुत्र अज्ञात (30) निवासी अज्ञात को हाइवे पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### खाई में गिरा ई-रिक्शा चालक घायल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज सरेनी रोड पर पंडित का पुरवा के पास तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटने से चालक सूरज पुत्र शिवकुमार निवासी नवरंग का पुरवा लालगंज घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं ई-रिक्शा स्वामी पानी की टंकी के पास कस्बा लालगंज निवासी राहुल ने ई-रिक्शा बिना बताए ले जाने पर पुलिस को शिकायती पत्र देकर सूरज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### घर के बाहर खड़े दो ई-रिक्शा से बैट्री चोरी

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के वार्ड नंबर 3 सत्यनारायण टोला निवासी आशीष कुमार उर्फ पिंटू पुत्र स्वर्गीय श्याम किशोर एवं मनीष कनौजिया पुत्र रामदीन के घर के बाहर खड़े दो ई-रिक्शा से आठ बैटारियां चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने इसकी तहरीर पुलिस को दी है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है।

# बेकाबू डंपर ने दो को मारी ठोकर, एक की गयी जान

## ककवा रोड स्थित बिरसिया के निकट हादसा, एक ही हालत गंभीर

संवाददाता अमेठी





घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के महाराजपुर से ककवा रोड स्थित बिरसिया के पास शनिवार की सुबह अनियंत्रित डंफर ने मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। नरैनी निवासी कमलेश सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह और पूरे टांडा मजरे बियसिया निवासी रमाशंकर तिवारी मार्निंग वॉक पर निकले थे और ककवा की ओर जा रहे थे। इस दौरान अमेठी-ककवा रोड पर दोनों को डंफर ने चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। रमाशंकर को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रायबरेली एम्स रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि कमलेश मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। वह पिछले 10 वर्षों से नरैनी के पूर्व प्रधान अवधेश सिंह उर्फ नान भैया की पंडरी मोड़ महाराजपुर स्थित बक्शा मेटल की दुकान पर काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने अमेठी-ककवा रोड पर तेज रफ्तार भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने और मॉर्निंग वॉक करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह के समय सड़क किनारे टहलने वाले बुजुर्गों और राहगीरों को अभयदान देने जैसी व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों। पुलिस ने मामला दर्ज कर डंफर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत



**सिंहपुर, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता-हैदरगढ़ मार्ग पर शुक्रवार की रात रामपुर पंवारा गांव के निकट एक बाइक पर सवार दो युवक रोड के बगल लगे बिजली के खम्भे से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएचसी सिंहपुर ले गए जहाँ उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने स्वशासी मेडिकल कालेज तिलोई रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र मोहनगंज के गांव सझिया खेर निवासी राम कुमार व श्रवण कुमार शुक्रवार देर रात शिवरतन सिंह का पुरवा गांव से बारात करके वापस लौट रहे थे तभी रामपुर पंवारा गांव स्थित दतहरेश्वर धाम मंदिर के निकट मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खम्भे से टकरा गई जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया जहाँ घायलों की गंभीर स्थित को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद स्वशासी मेडिकल कालेज तिलोई रेफर कर दिया गया। जहाँ इलाज के दौरान राम कुमार 24 वर्ष पुत्र दद्दन की मौत हो गई। वहीं परिजन श्रवण को लेकर रायबरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# कुड़वा घाट पर 62 लाख से बना पीपा पुल शुरू

शुकुल बाजार अमेठी



फीता काटते विधायक सुरेश पासी व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मड़वा ग्राम पंचायत से होकर गुजरने वाली गोमती नदी के कुड़वा घाट पर नवनिर्मित पीपा पुल का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। सुरेश पासी विधायक, जगदीशपुर ने हवन-पूजन कर फीता काटते हुए पुल का शुभारंभ किया। पुल पर आवागमन शुरू होने से क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिली है और अमेठी से अयोध्या की दूरी भी कम हो गई है। विधायक ने कहा कि यह पुल राम नगरी जाने व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा तथा आम लोगों के आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शुकुल बाजार के कुड़वा घाट पर लगभग 62 लाख रुपये की लागत से बनाए गए इस पीपा पुल के शुरू होने से कई गांवों का संपर्क मजबूत हो गया है।

पुल के चालू होने से टंडिया, मऊ अतवारा, रुदपुर, देवकली, वारिसगंज और रानीगंज शुकुलबाजार मार्ग का आवागमन सुगम हुआ है। वहीं पूरे गौहर, गडरियाडीह और मंगौली होते हुए जगदीशपुर तक लोगों की आवाजाही पहले से आसान हो जाएगी। कई गांवों के लोगों को अब 5 से 10 किलोमीटर कम दूरी तय करनी पड़ेगी। पहले जहां अयोध्या जाने के लिए करीब 70 किलोमीटर का सफर करना पड़ता था, अब यह दूरी घटकर लगभग 45 किलोमीटर रह गई है। उद्घाटन समारोह में प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्र, महेश दुबे, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल इंजन व उपकरण चोरी

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मजरे दरखा पुरवा पूरे दत्ता में 11 फरवरी की रात चोरों ने तीन किसानों के खेतों से ट्यूबवेल इंजन और सिंचाई उपकरण चुरा लिया। दरखा पुरवा पूरे दत्ता निवासी भारत यादव ने बताया कि बुधवार रात चोर उनके खेत में लगा डीजल पंपिंग सेट उठा ले गए। इसी रात राधिका यादव के खेत को भी चोरों ने निशाना बनाया। आरोप है कि दरवाजा तोड़कर अंदर रखा सिंचाई पंखा चोरी कर लिया गया। उधर केदारनाथ यादव के खेत से पुल्ली और प्लास्टिक पंप चोरी कर ली गई। लगातार तीन खेतों में चोरी की वारदात से आशंका जताई जा रही है कि किसी संगठित गिरोह ने योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया है।



ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, अमृत विचार।** आप कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि इस डील से किसानों, छोटे व्यापारियों और आम लोगों पर असर पड़ेगा। पार्टी नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील की है उसमें किसानों के हितों की अनदेखी की गई है। आरोप लगाया कि इस समझौते से विदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय किसान प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। जिलाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, शिव प्रसाद कश्यप, अवधेश, धर्मेश चंद्र मिश्र, डॉ. मलखान सिंह, देवांश त्रिपाठी, दीपक शुक्ला, दीपक पांडे, अनुराग शुक्ला की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया और कहा कि अगर इसे वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीरामचरित मानस सम्मेलन 26 से

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के कुशलगंज मजरे अलीपुर में 26, 27 व 28 फरवरी को श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुशलगंज गांव निवासी इन्द्रदेव शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष 29वें श्री रामचरित मानस सम्मेलन के विशाल आयोजन में कथा वाचक यज्ञेश मिश्रा बांदा, राघव किशोर रामायणी इटावा, नेपाली बाबा जी नेपाल, पवन मनु (सूरदास जी) दमोह मध्य प्रदेश, हरि नारायन तिवारी (अवधी सम्राट) बाराबंकी आदि कथा व्यास प्रभु श्रीराम की कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण त्रिपाठी द्वारा किया जाएगा।

# वीएचएसएनडी सत्र: 29 बच्चों को लगे टीके

संवाददाता अमेठी



वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जमादार सोनारी कला में विशेष स्वास्थ्य, पोषण और प्रसवोत्तर देखभाल वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने सत्र का औचक निरीक्षण किया। इस सत्र में 15 बच्चों का टीकाकरण किया गया और तीन गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। सत्र के दौरान एएनएम मंजू तिवारी, आशा माया विश्वकर्मा और सी.एच.ओ. विनय कुमार उपस्थित रहे। सभी आवश्यक लॉजिस्टिक्स भी मौजूद थे, जिससे टीकाकरण और जांच प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। इसी तरह, दहियावा भादर में भी वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में 14 बच्चों को टीके लगाए गए और चार गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। एएनएम कोमल, आशा अनीता सिंह और सी.एच.ओ. प्रियंका ने इस सत्र में अपनी सेवाएं दीं। दोनों जगह आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित मिलीं। यहां भी सभी लॉजिस्टिक्स उपलब्ध थे। हालांकि, इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गईं। कुछ माता-पिता, जिनमें सुरेश के दो बच्चों और महेश के एक बच्चे के माता-पिता शामिल थे, अपने बच्चों का टीका लगवाने में हिचकिचा रहे थे, लेकिन उन्हें समझाया बुझाकर टीकाकरण करवाया गया। यह अभियान स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मुसाफिरखाना अपहरण कांड : फिरौती मामले में नामजद तीन पर एफआईआर

**मुसाफिरखाना अमेठी।** क्षेत्र के भीखीपुर क्षेत्र के कबाड़ कारोबारी रमन कुमार अग्रहरि उर्फ बबलू के अपहरण और 10 लाख रुपये की फिरौती मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है। अभी आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। कारोबारी और उनके चालक के वायरल वीडियो से मामले में नया मोड़ आ गया है। शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में चालक चमन लाल ने दावा किया कि कस्बे में पेट्रोल पंप के पास अपहरणकर्ताओं को रकम दी गई थी। उन्होंने एसओजी टीम पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है। कारोबारी रमन कुमार ने भी वीडियो में पूरी घटना का जिक्र किया है। इससे पहले उनकी पत्नी का वीडियो बयान भी सामने आ चुका है। घटना के बाद पुलिस ने लखनऊ-वाराणसी हाईवे समेत विभिन्न मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड और बैंक खातों की जांच में 7.90 लाख रुपये की निकासी की पुष्टि हुई है। पुलिस टीमों ने हरदोई, लखनऊ और अयोध्या सहित आसपास के जिलों में संदिग्धों से पूछताछ शुरू की है। बताया जा रहा है कि कारोबारी के बयान बदलने से जांच प्रभावित हुई है। पुलिस लेनदेन और उधारी विवादों की भी जांच कर रही है। मंगलवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़कर लौटते समय कस्बे के पास ढाबे के निकट कार सवार बदमाशों ने रमन कुमार का अपहरण कर लिया था। चालक के जरिए फिरौती की रकम पहुंचाने के बाद चमनगंज के पास उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गैरजनपद के अपराधियों के साथ स्थानीय लोगों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं।

### समाधान दिवस पर आई मात्र एक शिकायत



समाधान दिवस में मौजूद क्षेत्राधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**कमरौली, अमेठी अमृत विचार।** शनिवार को थाना कमरौली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा, क्षेत्राधिकारी (सीओ) अतुल कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी कमरौली मुकेश पटेल ने संयुक्त रूप से की। थाना समाधान दिवस पर कुल 1 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र जांच के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष व पारदर्शी निस्तारण कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** शनिवार को जिले के थाना संग्रामपुर में थाना समाधान दिवस पर नायब तहसीलदार सुधीर कुमार श्रीवास्तव व थाना प्रभारी संग्रामपुर संजय सिंह की अध्यक्षता थाना समाधान कार्यक्रम सपन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल 4 शिकायत आई जिसमें अधिकांश पुराने मामले के रहे। जिसमें गूजीपुर, बड़गांव, उत्तर गांव सहित 3 गांव से शिकायत आई मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया शेष शिकायत का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण के बाद ही निस्तारण निकालने के लिए टीम गठित की गई।

### हर्षोल्लास से मनाई संतराम बीए की जयंती



सतांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** समाज सेवा और एकजुटता के संकल्प के साथ प्रजापति फाउंडेशन रायबरेली द्वारा ब्लॉक सतांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संतराम बीए जी के जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संरक्षक डॉ. सुंदरलाल प्रजापति के मार्गदर्शन में सतांव में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रजापति फाउंडेशन के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे समाज के उत्थान और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर अपनी भागीदारी निभाते रहेंगे। इसमें कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को इंडियन नेशनल रूरल स्कूल रामपुर शेखपुर समोधा में वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे रहे। इस मौके पर प्रबंधक विवेक त्रिवेदी, प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा त्रिवेदी, राजेंद्र त्रिवेदी, नरेंद्रनाथ त्रिवेदी, संदीप अवस्थी, हरीश त्रिवेदी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### जीडी पब्लिक स्कूल में लगाई गई प्रदर्शनी




जीडी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले बच्चे। अमृत विचार

**डीह, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के जीडी पब्लिक स्कूल राहुल नगर डीह में प्रदर्शिनी आयोजित हुई। बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी कल्पनाओं को आकार दिया। आयोजन में प्रधानाचार्या सुश्री नेहा सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा। दीपिका, आराध्या, सुषमा, अर्पिता, प्रांजुल, शेफाली, वंदना, प्रिया, निशा, ममता, शिवांकी, सोनाली, ज्योति, पलक, संजना, नाहिद, विकास, नीरज, राजकुमार, अजय, आनंद, दिलीप, फतेह बहादुर, आरके, जयशंकर मिश्र आदि ने सहयोग किया।

# 17 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में इस बार गेहूं खरीद के लिए 32 क्रय केंद्र खोले गए है। प्रशासन ने 86 क्रय केंद्रों को खोलने का स्वीकृति दे दी है और जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। खरीद प्रक्रिया 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। इस वर्ष सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। पिछले साल यह दर 2425 रुपये थी, यानी इस बार किसानों को 160 रुपये प्रति क्विंटल ज्यादा मिलेंगे। जिले में बनाए जा रहे 32 क्रय केंद्रों में से 27 केंद्र खाद्य विभाग और 5 केंद्र नैफेड के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर किसान सीधे अपना गेहूं बेच सकेंगे, जिससे उन्हें बाजार में कम दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को खरीद का प्रभारी नियुक्त किया है और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों पर समय से जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। किसानों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगाकर जानकारी दी जा रही हैं।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में करीब 3.65 लाख किसान पंजीकृत हैं और लगभग 1.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की खेती हुई है। जिला विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि इस बार खरीदारी ओटीपी के साथ साथ आइरी स्कैनिंग और फिंगर प्रिंट के माध्यम से किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर लगेगा भंडारा

**मुंशीगंज, अमेठी।** स्थानीय कस्बे में चौराहे पर स्थित शिव मंदिर पर विगत वर्षों से होते आ रहे शिवरात्रि पर्व पर इस बार भी भव्य भंडारे का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। शनिवार को रामचरितमानस का पाठ आरंभ हुआ रविवार को हवन होगी और सोमवार को भंडारे का आयोजन होगा। शिव शक्ति बोल बम सेवा समिति प्रत्येक साल इस भंडारे का आयोजन करती है।आसपास से क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा समस्त कस्बा वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के निवासियों के सहयोग से संपन्न होता है। भगवान शिव के भक्त तन, मन, धन से इसमें सहयोग करते हैं।

# शिव बारात में बंटेगा 56 प्रकार का प्रसाद

संवाददाता रायबरेली




बैठक में भंडारे की तैयारियों के बारे में चर्चा करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल दैनिक भंडारा सुपरमार्केट के द्वारा महाशिवरात्रि को भव्य और दिव्य रूप से मनाए जाने का निर्णय मंडल द्वारा लिया गया है। मंडल की बैठक तैयारियों के संबंध में सुपर मार्केट स्थित रेस्टोरेंट में की गई। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष छप्पन भोग का भंडारा सुपर मार्केट में श्रद्धालुओं के सहयोग से लगाया जाएगा। जिसमें प्रसाद स्वरूप 56 प्रकार के अलग-अलग भोग प्रसाद का वितरण होगा। मंडल महामंत्री मान बहादुर सिंह ने बताया कि सेवा कार्य में समिति के पदाधिकारी अपनी प्रमुख जिम्मेदारी निभाते हुए भंडारे में वितरण किए जाने वाले प्रसाद की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। यह भी बताया गया कि ओम नमः शिवाय जाप, आरती पूजन के उपरांत 15 फरवरी को प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं के व्रत रहने के कारण बाबा जगमोहनश्वर महादेव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात के स्वागत में प्रसाद स्वरूप फलाहार का वितरण किया जाएगा। 16 फरवरी को 56 भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष जगदीश चैनानी, मंडल संरक्षक राकेश कक्कड़, सतीश गुप्ता, महेश राजपाल, मनीष गुप्ता, विकास साव, गोविंद श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, श्रवण कुमार शुक्ला, भाग्य नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शिवालयों में आज गूंजेगा हर-हर महादेव का उद्घोष

संवाददाता, रायबरेली



सजाया जा रहा जगमोहनेश्वर मंदिर।



सजाया गया पहलवान वीर बाबा मंदिर।



फिरोज गांधी परिसर में भक्तों के लिए बनाया जा रहा पकवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर भोले के भक्तों ने भगवान भूतनाथ के स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। शिवालयों को रंग रोगन, साफ-सफाई करने के साथ ही रंगीन विद्युत झालरों से सजाया गया है। पूरा शहर भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आ रहा है। प्रशासन भी मुस्तैदी से इस अध्यात्मिक पर्व को निर्विघ्न संपंन कराने के लिए सुरक्षा की व्यूह रचना कर रहा है। हर ओर "हर-हर महादेव" की गूंज वातावरण को शिवमय कर रही है। शहर के चंदापुर स्थित जगमोहनेश्वर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। मंदिर को फूलों की मालाओं, रंग-बिरंगी रोशनियों और पांडाल से सजाया गया है। गर्भगृह में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। मंदिर समिति के अनुसार ब्रह्ममुहूर्त में मंगला आरती के साथ जलाभिषेक प्रारंभ होगा।

श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शन सुगमता से हो सकें। इसी प्रकार डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर में भी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मंदिर परिसर में विशेष रोशनी और सजावट की गई है। यहां रुद्राभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व से ही चंदापुर और डिग्री कालेज चौराहा व अन्य स्थानों पर फूलों, बेलपत्र, धतूरा और पूजा सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। महाशिवरात्रि को लेकर सामाजिक संगठनों द्वारा भंडारे और प्रसाद वितरण की भी तैयारी की गई है।

## कार की टक्कर से अधेड़ हुआ घायल

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के सिधौना गांव निवासी नसरीन (50) पत्नी जलील शनिवार को बाइक से अपने पुत्र के साथ रायबरेली से घर की ओर जा रही थी। रास्ते में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर शारदा नहर पुल के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नसरीन घायल हो गई। जबकि उसका पुत्र बाल-बाल बच गया। आसपास के लोगों ने घायल नसरीन को जिला अस्पताल पहुंचाया। जबकि दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

